दैनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin

बीड (महाराष्ट्र) वर्ष-१ ला अंक-२९४ वा रविवार २५ मे २०२५ RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 किमत : २ रूपये पन्ने - ४

# मनसे प्रमुख राज ठाकरे का बड़ा बयान

## ‘ठाकरे-पवार ब्रांड को खत्म...’ करने कि कोशिश

**मुंबई।**

**महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि महाराष्ट्र से ठाकरे और पवार ब्रांड को खत्म करने की कोशिश की जा रही है. मनसे प्रमुख ने एक तरह से अप्रत्यक्ष रूप से बीजेपी की आलोचना की है. हालांकि उन्होंने दावा करते हुए ये भी कहा है कि इस ब्रांड को खत्म नहीं किया जा सकता है.**



'मुंबई तक' के एक कार्यक्रम में जब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे से पूछा गया कि महाराष्ट्र की राजनीति पर चर्चा होती है तो दो उपनाम दिमाग में आते हैं- ठाकरे और पवार. मौजूदा वक्त में क्या इन दोनों सरनेम के ब्रांड को खत्म करने की कोशिश हो रही है? इस पर राज ठाकरे ने कहा, ''इसमें कोई विवाद नहीं है कि ठाकरे-पवार ब्रांड को खत्म करने की कोशिश हो रही है. जरूर, लेकिन यह खत्म नहीं होगा.''

हिंदी भाषा को लेकर राज ठाकरे ने खोला था मोर्चा

महाराष्ट्र सरकार की ओर से नई शिक्षा नीति के मद्देनजर हिंदी भाषा को अनिवार्य किए जाने पर राज ठाकरे ने मोर्चा खोल दिया था. उन्होंने साफ तौर से कह दिया था कि वो महाराष्ट्र में ये होने नहीं देंगे. बाद में विरोध बढ़ने के बाद सरकार ने हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाने पर रोक लगा दी थी.

राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे आएंगे साथ?

महाराष्ट्र की राजनीति में पिछले कई दिनों से एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना (णइढ) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के साथ आने की अटकलें लगाई जा रही हैं. दोनों नेता इसे लेकर सकारात्मक बयान दे चुके हैं. शिवसेना (यूबीटी) ने ये भी कहा था कि अगर राज ठाकरे बीजेपी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना से दूर रहते हैं, तो पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे और चछड प्रमुख राज ठाकरे के बीच किसी मसले का कोई सवाल ही नहीं उठता. शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र ‘सामना’ में दावा किया गया कि उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच सुलह की संभावना ने महाराष्ट्र विरोधियों को परेशान करके रख दिया है.

'सामना' में यह भी कहा गया था कि राज ठाकरे मराठी लोगों से जुड़कर उनकी बात करते रहे हैं और शिवसेना का जन्म मराठी हित के लिए हुआ है. उद्धव ठाकरे ने वह हित नहीं छोड़ा, तो ऐसे में कोई विवाद कहां है?

# बीडवासियों की देशभक्ति से सराबोर शिवसेना की भव्य तिरंगा रैली संपन्न

## मंत्री संजय शिरसाट ने तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ







बीड, प्रतिनिधि - भारत के वीर सैनिकों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के उपलक्ष्य में, भारतीय सेना के सम्मान में शनिवार, २४ मई २०२५ को दोपहर १२ बजे बीड में एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महाराष्ट्र राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री एवं शिवसेना नेता संजय शिरसाट की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई।

इस रैली में बीड के नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लेकर देशभक्ति का उत्स्फूर्त प्रदर्शन किया। युवाओं ने सैनिकों की वेशभूषा धारण कर ट्रैक्टर पर सवार होकर देश के प्रति अपने प्रेम को प्रकट किया। साथ ही, बड़ी संख्या में युवाओं ने हाथों में तिरंगा थामे, 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के गगनभेदी नारों के साथ बारिश में मोटरसाइकलों पर मार्च किया।

मंत्री संजय शिरसाट ने सर्वप्रथम भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर रैली को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया। उनके साथ शिवसेना जिला प्रमुख अनिलदादा जगताप, सचिन मुळूक, स्वप्निल गलधर समेत अन्य नेता रैली में शामिल हुए।

यह भव्य रैली डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा से प्रारंभ होकर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा तक निकाली गई। समापन स्थल पर सभी नेताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया, तथा मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले शूरवीरों को सामूहिक श्रद्धांजलि दी गई।

रैली में शिवसेना के विभागीय सचिव अशोक पटवर्धन, बीड जिला संपर्क प्रमुख बप्पूसाहेब मोरे, सचिन मुळूक, स्वप्नील गलधर, युवासेना के बाजीराव चव्हाण, विपुल पिंगळे, अविनाश जाधव, सागर बहिर, अलका डावकर, चंद्रकला बांगर, रविराज बडे, सुजित शिंदे, गणेश शिराळे, मनोज चव्हाण सहित शिवसेना, महिला आघाड़ी, युवासेना, शेतकरी सेना, एसटी कामगार सेना, ओबीसी-वीजेएनटी सेना व अन्य अंगीकृत संगठनों के सभी वर्तमान और पूर्व पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधि और शिवसैनिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

यह आयोजन बीडवासियों की अटूट देशभक्ति और भारतीय सेना के प्रति श्रद्धा का प्रतीक बन गया।

# दिल्ली ने जाते-जाते किया पंजाब का काम खराब, टॉप-२ की उम्मीदों को झटका; ६ विकेट से जीता मैच

दिल्लीः संवादाता

दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को ६ विकेट से हरा दिया है. इस हार से पंजाब के टॉप-२ में बने रहने की उम्मीदों को झटका लगा है. इस मैच में पंजाब की टीम ने पहले खेलते हुए २०६ रन बनाए थे, जिसके जवाब में दिल्ली ने अंतिम ओवर तक चले मैच में ६ विकेट से जीत दर्ज की.समीर रिजवी ने ५८ रनों की तूफानी पारी खेल दिल्ली की जीत में बड़ा योगदान दिया.

दिल्ली कैपिटल्स को २०७ रनों का लक्ष्य मिला था. इसके जवाब में दिल्ली को केएल राहुल और फाफ डु प्लेसिस ने ५५ रनों की सलामी साझेदारी कर सधी हुई शुरुआत दिलाई. राहुल ३५ रन बनाकर आउट हो गए. राहुल के आउट होने के बाद दिल्ली ने १० ही रन बनाए थे, तभी डु प्लेसिस भी २३ रन बनाकर चलते बने.

सेदिकुल्लाह अतल २२ रनों को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए, जिससे दिल्ली ने ९३ रनों के स्कोर पर ३ विकेट गंवा दिए थे. इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया में सिलेक्ट होने वाले करुण नायर ने प्रभावित किया, जिन्होंने समीर रिजवी के साथ मिलकर ६२ रनों की अहम साझेदारी की. नायर ने २७ गेंद में ४४ रन बनाए. नायर जब आउट हुए, तब दिल्ली को ५ ओवरों में जीत के लिए ५२ रनों की जरूरत थी.

समीर रिजवी ने एक छोर संभाले रखा और २५ गेंद में ५८ रनों की तूफानी पारी खेली. उनके साथ ट्रिस्टन स्टब्स ने भी १८ रनों का योगदान दिया. आखिरी विकेट के लिए रिजवी और स्टब्स के बीच नाबाद ५३ रनों की पार्टनरशिप हुई. पंजाब किंग्स अभी १७



अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और उसका एक मैच बाकी है. अब पंजाब के टॉप-२ में बने रहने की राह मुश्किल हो गई है.

दिल्ली के बल्लेबाजों ने तो प्रभावित किया, वहीं गेंदबाजी में मुस्तफिजुर रहमान ने ३ बड़े विकेट चटका कर अपनी टीम की जीत की नींव रखी थी. उनके अलावा विपराज निगम और कुलदीप यादव ने भी दो-दो विकेट लिए.

# इंडिया वीक २०२५ सम्मेलन में महाराष्ट्र से सिर्फ बैरिस्टर उमर कमाल फारूकी को गेस्ट स्पीकर के रूप में आमंत्रण

## लंदन में आयोजित वैश्विक कॉन्फ्रेंस में सच्चिन पायलट, केटी रामा राव, राघव चड्ढा, प्रद्योत माणिक्य के साथ करेंगे महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व

औरंगाबाद से रिपोर्ट

लंदन में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित इंडिया वीक २०२५ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में इस वर्ष भी भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) के संदर्भ में उच्च स्तरीय संवाद आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन २६ से ३१ मई तक चलेगा, जिसकी अध्यक्षता यूके काउंसिल की चीफ बारबरा मिल्स घउ करेंगी। यह पहला वैश्विक सम्मेलन है जो यूके-इंडिया एफटीए और हाल ही में हुए पहलगाम हमले के बाद आयोजित किया जा रहा है।

इस सम्मेलन में १,००० से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिनमें दोनों देशों के मंत्री, सांसद, उद्योग जगत के नेता और क्रिएटिव इंडस्ट्रीज़ से जुड़े लोग मौजूद रहेंगे। महाराष्ट्र के लिए यह गर्व का विषय है कि इस वैश्विक सम्मेलन में राज्य से सिर्फ बैरिस्टर उमर कमाल फारूकी को गेस्ट स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया है। वे राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सच्चिन पायलट, भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष केटी रामा राव, सांसद राघव चड्ढा, टीपरा मोथा के चेयरमैन प्रद्योत माणिक्य, ब्रिटिश











डिप्लोमैटिक सर्विस के पूर्व प्रमुख लॉर्ड साइमन मैकडॉनल्ड तथा बारबरा मिल्स घउ के साथ मंच साझा करेंगे।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारत-यूके संबंधों को आर्थिक, राजनीतिक और कूटनीतिक स्तर पर और मज़बूत करना है। एझऋ(एपिक) के तत्वावधान में हर साल आयोजित होने वाला यह सम्मेलन इस वर्ष यूके-इंडिया एफटीए पर विशेष केंद्रित है।

२६ मई को इस सम्मेलन की शुरुआत 'फिल्म कॉन्क्लेव' से होगी, जिसमें यूके-इंडिया को-प्रोडक्शन मार्केट और नेटवर्किंग सेशन शामिल रहेंगे। इस सत्र में मशहूर निर्देशक गुरिंदर चड्ढा जइए, कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा और नेटफ्लिक्स की सीरीज 'हीरा मंडी' के अभिनेता ता हा शाह बदोशा भी भाग लेंगे।

२९ मई को एशियन बिजनेस एसोसिएशन (लंदन चेंबर ऑफ कॉमर्स) के ३० वर्ष पूर्ण होने पर एक विशेष स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसका नेतृत्व होटल व्यवसायी टोनी माथारू करेंगे। ३१ मई को 'भारतीय साहित्य और वैश्विक कथानकों' पर एक साहित्यिक उत्सव भी आयोजित होगा, जिसके बाद तृपुरा के पारंपरिक जनजातीय नृत्य के साथ समापन सांस्कृतिक समारोह होगा।

ब्रिटेन की उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर ने कहा, ब्रिज इंडिया कॉन्फ्रेंस में बोलना मेरे लिए गौरव की बात रही। ब्रिटेन में भारतीय मूल की समुदाय हमारी अर्थव्यवस्था, संस्कृति और समाज का एक अनिवार्य हिस्सा है। वहीं एझऋके संस्थापक प्रतिक दत्तानी ने कहा, यूके-इंडिया एफटीए दोनों देशों के रिश्तों का नया अध्याय है और इंडिया वीक २०२५ उस ऊर्जा और उम्मीद का प्रतिनिधित्व करता है।

बैरिस्टर उमर फारूकी की वैश्विक स्तर पर बौद्धिक क्षमता का सम्मान

यह दूसरी बार है जब बैरिस्टर उमर कमाल फारूकी को इस वैश्विक और अत्यंत महत्वपूर्ण मंच पर गेस्ट स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया है। वे यूके-इंडिया एफटीए के तहत भारत-ब्रिटेन के राजनयिक और व्यापारिक संबंधों को मज़बूत करने, तथा भारत की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक विचारधारा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेंगे। इस सम्मेलन में ब्रिटेन की उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर, भारत से कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी, वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद, और आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां भी भाग लेंगी। यह आमंत्रण बैरिस्टर उमर की विलक्षण प्रतिभा, अंतरराष्ट्रीय सोच और कानूनी कौशल का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि वे इमरान मसूद मामले सहित अनेक सामुदायिक व संवेदनशील विषयों में भी कानूनी सलाह और सहयोग प्रदान करते हैं।

## उर्दू दैनिक तामीर के २५ वे साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# वक्फ संशोधन क़ानून से संविधान को ख़तरा: जलगांव में सफलतापूर्वक आयोजित हुई 'तहफ़ुज़-ए-वक्फ़ कॉन्फ्रेंस'

## मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और जलगांव की स्थानीय वक्फ़ समितियों द्वारा संयुक्त आयोजन




रिपोर्ट: सईद पटेल

जलगांव, २३ मई - ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की हिदायत पर, जलगांव वक्फ़ संरक्षण समिति और वक्फ कोऑर्डिनेशन कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार की शाम (नमाज़-ए-मग़रिब के बाद) ईदगाह मैदान, जलगांव में एक विशाल 'तहफुज़-ए-वक्फ़ कॉन्फ्रेंस' का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता औरंगाबाद 'व-/त-ए-इस्लामी हिन्द' के अमीर जनाब ज़ियाउद्दीन सिद्दीक़ी साहब ने की। मुख्य वक्ता के रूप में अकोला से हज़रत मौलाना मुफ्ती अशफ़ाक़ साहब दामत बरकातुहुम और मालेगांव से अतहर हुसैन अशरफ़ी साहब शामिल हुए।

इस कॉन्फ्रेंस में सभी मज़हबी विचारधाराओं के हजारों लोगों ने भाग लेकर वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा के लिए एकजुटता का प्रदर्शन किया। अतहर हुसैन अशरफ़ी ने सरकार को चुनौती देते हुए कहा, ये सरकार ऐसे क़ानून लाकर मुसलमानों को डराने और बहकाने की कोशिश कर रही है, लेकिन याद रखिए - अगर कुछ हुआ, तो सबसे पहले ७२ साल का यह बुज़ुर्ग जेल जाएगा, फिर आप लोगों को आगे आना होगा।

मुफ़्ती अशफ़ाक़ साहब ने कहा कि सरकार वक्फ के मामले को धार्मिक मसला मानने से इनकार कर रही है और इसे सेक्युलर व संपत्ति से जुड़ा मामला बता रही है। ऐसे में गैर-मुस्लिमों की इसमें भागीदारी की वकालत की जा रही है, जो निंदनीय है।

अध्यक्षीय भाषण में ज़ियाउद्दीन सिद्दीक़ी साहब ने सरकार को आईना दिखाते हुए कहा कि अगर वक्फ़ में भ्रष्टाचार है, तो यह रोकना सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन सरकार भ्रष्टाचार का बहाना बनाकर मुस्लिम समुदाय की संपत्तियों को हड़पना चाहती है। उन्होंने वक्फ़ में सुधार की ज़रूरत पर बल दिया।

कार्यक्रम का आगाज़ मौलाना उमैर नदवी साहब की तिलावत से हुआ, जबकि मकसद और पृष्ठभूमि पर मुफ़्ती रमीज़ साहब ने रौशनी डाली। कार्यक्रम को सफल बनाने में फ़ारूक़ शेख़, मुफ़्ती मोहम्मद हारून नदवी, इजाज़ मलिक, स्थानीय व बाहरी शहरों के उलेमा-ए-किराम, समाजसेवी और गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस कॉन्फ्रेंस में हाफ़िज़ अब्दुर्रहीम साहब ने जोशीले नारों से माहौल को जोश और ईमानदारी के रंग में रंग दिया। मंच संचालन मौलाना मुफ़्ती ख़ालिद साहब ने बेहतरीन तरीके से किया और अंत में डॉ. अब्दुल करीम सालार साहब ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम की समाप्ति मौलाना नूर मोहम्मद साहब की रिक़त भरी दुआ पर हुई।

# सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट का रिपब्लिकन पार्टी की ओर से भव्य सत्कार

## बीड के बशीरगंज कार्यालय में पप्पू कागदे के नेतृत्व में हुआ आयोजन

बीड / प्रतिनिधि

महाराष्ट्र सरकार के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट का आज बीड में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (रिपाइं) की ओर से भव्य सत्कार किया गया। यह सत्कार युवा रिपाइं प्रदेशाध्यक्ष और बीड जिलाध्यक्ष पप्पू कागदे के नेतृत्व में बशीरगंज स्थित पार्टी के जिला मध्यवर्ती कार्यालय में आयोजित किया गया।



मंत्री शिरसाट बीड जिला दौरे पर थे और इस दौरान उन्होंने पप्पू कागदे के आमंत्रण पर बशीरगंज कार्यालय का विशेष दौरा किया। स्वागत समारोह के दौरान बशीरगंज चौक में जेसीबी मशीन से उन्हें एक विशाल पुष्पहार पहनाया गया और वहां से रिपाइं कार्यालय तक सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ एक भव्य रैली निकाली गई।

पार्टी कार्यालय में आयोजित सत्कार समारोह में जिलेभर के रिपाइं पदाधिकारियों, तालुका अध्यक्षों और महिला आघाड़ी की प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और मंत्री का पुष्पगुच्छ, शॉल-श्रीफल और अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया।

अपने भाषण में मंत्री संजय शिरसाट ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति समुदायों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है। रमाई घरकुल योजना, स्वाधार योजना, विदेशी छात्रवृत्ति योजना के साथ-साथ डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अनुसंधान व प्रशिक्षण संस्था (बार्टी) के माध्यम से समाज के सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे सामाजिक न्याय विभाग की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए इस पद के माध्यम से प्रभावी कार्य करते रहेंगे।

इस अवसर पर राजू जोगदंड, मझरखान, अनिल जगताप, सचिन मुळूक, बाजीराव चव्हाण, चंद्रकांत नवले, अशोक साळवे, किसन तांगडे, किशोर कांडेकर, दीपक कांबळे, महादेव उजगरे, अरुण भालेराव, सहित जिले के अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महिलाओं में मायाताई मिसळे, सलमाभाभी, संगीता जाधव, माया वाघमारे, शोभा गलांडे आदि प्रमुख रहीं।

रैली और सत्कार कार्यक्रम में रिपाइं के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संगठन की एकजुटता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन पार्टी कार्यालय में मंत्री शिरसाट के प्रेरणादायी भाषण और कार्यकर्ताओं के उत्साही नारों के साथ हुआ।

# पशुपालन व्यवसाय को मिलेगा 'कृषि' का दर्जा-मंत्री पंकजा मुंडे

## पुणे में सुपर स्पेशालिटी वेटरनरी हॉस्पिटल और अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का उपमुख्यमंत्री अजित पवार व मंत्री पंकजा मुंडे के हाथों उद्घाटन

पुणे, २४ मई

पशुपालन व्यवसाय को 'कृषि' का दर्जा दिलाने के लिए राज्य सरकार गंभीर प्रयास कर रही है ताकि ग्रामीण विकास की प्रक्रिया अधिक व्यापक और गतिशील हो सके। यह बात महाराष्ट्र की पशुसंवर्धन मंत्री पंकजा मुंडे ने शुक्रवार को पुणे के औंध में आयोजित एक भव्य उद्घाटन समारोह में कही। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अध्यक्षता में सुपर स्पेशालिटी वेटरनरी हॉस्पिटल, बीएसएल-३ और बीएसएल-२ प्रयोगशालाएं, तथा राष्ट्रीय संदर्भीय वैक्सीन परीक्षण व गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाओं का लोकार्पण किया गया।



मंत्री पंकजा मुंडे ने कहा कि पशुपालन न केवल मानव सभ्यता का अभिन्न हिस्सा रहा है, बल्कि राज्य की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में भी पशुधन का योगदान ऐतिहासिक रहा है। इसीलिए राज्य सरकार इस व्यवसाय को कृषि के समकक्ष दर्जा दिलाने हेतु प्रतिबद्ध है।

उद्घाटन समारोह में गोसेवा आयोग अध्यक्ष शेखर मुंदडा, विधायक उमा खापरे, विभागीय सचिव डॉ. रामास्वामी एन., पशुसंवर्धन आयुक्त डॉ. प्रवीणकुमार देवरे, अतिरिक्त आयुक्त डॉ. शितलकुमार मुकणे, सहआयुक्त डॉ. श्यामकांत पाटील, जैव पदार्थ संस्थान के सहआयुक्त डॉ. याहया पठान, तथा अटल बिहारी वाजपेयी रोग अनुसंधान विभाग के सहआयुक्त डॉ. गौरीशंकर हुलसरे उपस्थित थे।

मंत्री मुंडे ने जानकारी दी कि पशुवैद्यकीय अधिकारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया पहली बार परामर्श पद्धति से की गई, जिससे अधिकारियों को उनके अनुभव व कौशल के अनुसार सेवा का अवसर मिला और विभाग में सकारात्मक वातावरण बना। उन्होंने बताया कि नई प्रयोगशालाओं की स्थापना से पशुरोगों की पहचान और उपचार की प्रक्रिया में तेजी आएगी और पशुपालन व्यवसाय को नई दिशा मिलेगी।

प्लास्टिक के बढ़ते प्रयोग को पशुधन के लिए हानिकारक बताते हुए मंत्री मुंडे ने कहा कि राज्य सरकार प्लास्टिक प्रतिबंध को प्रभावी बनाने की दिशा में जल्द कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि राज्य में दूध में मिलावट की समस्या गंभीर होती जा रही है और इसे रोकने के लिए एक सख्त कानून लाया जाएगा।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि पशुपालन राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अब समय आ गया है कि आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर पशुपालकों की आय को दोगुना किया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार पशुपालकों की मदद के लिए आवश्यक वित्तीय प्रावधान करेगी। अंत में उपमुख्यमंत्री पवार और मंत्री मुंडे ने इस बात पर संतोष जताया कि पशुसंवर्धन विभाग ने राज्य सरकार के १०० दिवसीय सुधार कार्यक्रम में टॉप ५ विभागों में स्थान प्राप्त कर पारदर्शी और कुशल प्रशासन का परिचय दिया है।







दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com